मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 23 दिसम्बर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	23-12-14	24-12-14	25-12-14	26-12-14	27-12-14
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	27	26	26	25	25
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	8	8	7	7	7
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	71	68	64	62	60
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	35	32	30	28	26
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	10	8	12	10	13
हवा की दिशा	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

सरसों की फसल पर झुलसा व तुलासिता रोग के लक्षण दिखाई देने पर दो किलो मैन्कोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. या ढाई किलो जाईनेब 80 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. प्रति हैक्टर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

जीरे की फसल में उखटा रोग के उपचार के लिए ढाई किलो ट्राइकोडर्मा को 100 किलो कम्पोस्ट के साथ मिलाकर प्रति हैक्टर भुरकाव करें तथा हल्की सिंचाई दें।

गेहूँ की फसल में 60 किलो ग्राम नाइट्रोजन प्रति हैक्टेयर की दर से दूसरी सिंचाई के समय डाले।

बैगन एवं टमाटर की फसल में झुलसा रोग के रोकथाम के लिए फफूदनाशी मैन्कोजेब या थाईरम 2 ग्राम का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

पशुओं को खुरपका–मूंहपका, गलघोटू व ठप्पा रोग के टीके लगवाएं तथा भोजन में चारे–बांटे की मात्रा बढ़ाएं व लवण–मिश्रण भी दें।